# राज्यपाल बोले, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को नई दिल्ली में एसआईए-इंडिया के आयोजित डीईएफएसएटी 2024 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि निश्चित रूप से रक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल होने के साथ-साथ आशा और आकांक्षाओं से भरा हुआ है।

राज्यपाल ने कहा कि 1975 में हमारे पहले उपग्रह आर्यभट्ट से लेकर हमारे सबसे नवीन मिशन आदित्य एल1 तक, जो सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का



पहला मिशन था, इनसे हमारे देश ने साबित कर दिया है कि हम वास्तव में सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हैं।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के तत्वावधान में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे देश अंतरिक्ष अन्वेषण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। मार्स ऑर्बिटर मिशन, जिसे मंगलयान के नाम से भी जाना जाता है सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। 2013 में लॉन्च किए गए मंगलयान ने भारत को मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचने वाला पहला एशियाई देश और अपने पहले ही प्रयास में ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना है। इस उपलब्धि ने न केवल भारत की तकनीकी शक्ति बल्कि मितव्ययी बजट पर अंतरिक्ष अन्वेषण हासिल करने की क्षमता को भी प्रदर्शित किया।

उन्होंने कहा कि जैसे ही हम अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के इस नए युग में प्रवेश कर रहे हैं, हम रक्षा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपने राष्ट्र के लिए बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए दूरदर्शिता, नवाचार और समर्पण के साथ नेतृत्व करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहरा रहे हैं। हाल ही में भारत ने अपनी स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। ह्यमेक इन इंडियाह्ण पहल ने देश के भीतर महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा दिया है। हमने विदेशी आपूर्तिकताओं पर निर्भरता कम की है और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया है। यह कदम न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है बल्कि देश के आर्थिक और रक्षा ढांचे को भी मजबूत करता है। राज्यपाल ने इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए एसआईए-इंडिया और सहयोगी रक्षा थिंक-टैंक की सराहना की।

## संशोधन के प्रस्तावों पर विचार विमर्श को लेकर डीईओ ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

**सहमति**

**8 मतदेय स्थलों के नाम परिवर्तन के लिए सभी छह प्रस्तावों पर राजनीतिक दलों ने अपनी सहमति दी।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
मतदेय स्थलों के नाम परिवर्तन एवं संशोधन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार विमर्श को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें मतदेय स्थलों के नाम परिवर्तन के लिए तहसीलों से प्राप्त सभी छह प्रस्तावों पर राजनीतिक दलों ने अपनी सहमति दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों



को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में समस्त मतदेय स्थलों को एक बार पुनः अच्छी तरह से भौतिक सत्यापन कर लें।

अभी भी यदि किसी मतदेय स्थल का भवन जीर्ण-शीर्ण या क्षतिग्रस्त होने, विद्यालय के उच्चीकरण होने और मतदेय स्थल भवन के नाम में परिवर्तन एवं संशोधन से संबंधित कोई प्रस्ताव बाकी है, तो आज ही इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करें। ताकि मतदान की व्यवस्थाओं को लेकर कोई समस्या न रहे।

## चाय फैक्टरी की स्थापना के लिए 129.99 लाख स्वीकृत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने जनपद अल्मोड़ा के राजकीय उद्यान गरुड़ाबाज (धौलादेवी) में चाय फैक्टरी की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इसके लिए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 129.99 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि चाय फैक्टरी की स्थापना के बाद जहां स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान होंगे, वही स्थानीय चाय उत्पादकों को उचित मूल्य प्राप्त होगा और चाय उत्पादकों की आय में भी वृद्धि होगी।

## गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे का प्रवास करेंगे भाजपा नेता

**प्रवास**

**8 भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में विकास के सभी आयामों पर कार्य हुआ है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेता ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे का प्रवास करेंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार के विगत 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, सांस्कृतिक उत्थान एवं विश्व में भारत के गौरव




में वृद्धि सहित विकास के सभी आयामों पर अतुल्य कार्य हुआ है। भाजपा गरीब कल्याण के प्रति विकास दृष्टि एवं अपनी सरकारों के विकास कार्यों को जन-जन तक ले जाकर जनता का विश्वास अर्जित करते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में पुनः समर्थन जुटाने के लिए जिले के सभी 816 ग्रामीण एवं नगरीय बूथों पर 9 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान के निमित्त जिले के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी बूथों पर 24 घंटे प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में रहकर प्रवास करने का कार्य करेंगे।

इसमें बूथ एवं पन्ना समिति की बैठक, लाभार्थियों से संवाद, सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता अभियान, नव मतदाताओं से संपर्क, बूथ पर रहने वाले प्रबुद्ध जनों से संपर्क, युवाओं, किसानों, व्यावसायिक समूह से भेंट, सैनिक परिवारों से संपर्क, प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों से संपर्क सहित अनेको गतिविधियों में भाग लेकर बूथ को मजबूत करने का काम करेंगे।

गांव चलो अभियान के जिला संयोजक लव शर्मा ने बताया कि प्रमुख रूप से उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के जमालपुर कलां में बूथ संख्या 39, पूर्व शिक्षा मंत्री एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ज्वालापुर विधानसभा के रसूलपुर टोंगिया में बूथ संख्या 88, जिला अध्यक्ष संदीप गोयल हरिद्वार ग्रामीण उत्तर मंडल के बूथ संख्या 46, हरिद्वार विधायक मदन कौशिक रानीपुर विधानसभा के औरंगाबाद के बूथ संख्या 198, आदेश चौहान रानीपुर विधानसभा के टांडा टीरा के बूथ संख्या 196, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के एकड़ कला में बूथ संख्या 62, पूर्व विधायक संजय गुप्ता लक्सर विधानसभा के ग्राम फतवा में बूथ संख्या 83, पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ ज्वालापुर विधानसभा के अहमदपुर ग्रांट के बूथ संख्या 28, लक्सर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमरीश गर्ग लक्सर विधानसभा के सलेमपुर वक्काल के बूथ संख्या 18, शिवालिक नगर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा नवोदय नगर में बूथ संख्या 186, पूर्व मेयर मनोज गर्ग लालढांग मंडल के श्यामपुर में बूथ संख्या 26 पर प्रवास करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मौसम में शुष्क बना रहेगा, किसान फसलों को पाले से बचाएं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड का मौसम शुष्क बना हुआ है। आठ फरवरी को ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जनपद को छोड़कर सभी जनपदों में कहीं कहीं पाला पड़ेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. विक्रम सिंह ने किसानों को सलाह दी है कि इस पाले से बचने के लिए अपनी फसलों को सिंचाई के लिए खेत में नमी बनाए रखे जिससे पाले से नुकसान न हो।

### नए बनाए गए 13 जीर्ण-शीर्ण मतदेय स्थल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीएल शाह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीएल शाह ने बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों का उल्लेख करते हुये बताया कि जिन मतदेय स्थलों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक हो गयी है, जो जीर्ण-शीर्ण या जर्जर की स्थिति में हैं या जिन मतदेय स्थलों का नाम परिवर्तित किया गया है, नया मतदेय स्थल बनाने की व्यवस्था है।

इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की दिवेश शाशनी, एसडीएम लक्सर गोपाल चौहान, एसडीएम भगवानपुर जितेन्द्र कुमार, एएसडीएम रूड़की विजयनाथ शुक्ल, भाजपा से नकली सिंह सैनी, सीपीआई (एम) से राजीव गर्ग, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरूणेश पैन्यूली, तहसीलदार हरिद्वार श्रीमती रेखा आर्या, रजिस्ट्रार कानूनगो अमरीष शर्मा, आरके रमेश प्रसाद, आलोक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी उदय वीर सिंह बर्थवाल सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### हाउस ऑफ हिमालयाज स्थापित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा राज्य में प्रचलित सभी ब्रांड्स के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता में सुधार करने, मानकीकृत पैकेजिंग सुनिश्चित करने और ब्रान्डिंग एवं विपणन करने हेतु शीर्ष स्तरीय संस्था एवं अम्ब्रेला ब्रान्ड हाउस ऑफ हिमालयाज का एक कम्पनी के रूप में गठन गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने हेतु एवं उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के लिए एक अंब्रेला ब्रांड के रूप में हाउस ऑफ हिमालयाज स्थापित किए जाने के निर्देश दिए थे।

इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा 08 दिसम्बर, 2023 को इन्वेस्टर समिट के दौरान हाउस ऑफ हिमालयाज का लोकार्पण किया था। यह संस्था अब कंपनी के रूप में पंजीकृत की जा रही है, जिसे उत्तराखंड राज्य के ब्रांड के रूप में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जा सके।

### चाइनीज मांझा की चपेट में आकर छात्र घायल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मकर संक्रांति से क्षेत्र में चाइनीज मांझे का कहर शुरू हो गया है। अपनी कुछ देर की खुशी के लिए लोग इस कातिल मांझे का उपयोग कर पतंग उड़ाते हैं और राहगीर इसका शिकार होते हैं। दोपहिया वाहन सवारों के लिए तो इन दिनों घर से निकलना खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि कब कहां गले पर जानलेवा धागा लिपट जाए कोई पता नहीं।

इस चाइनीज धागे का खौफ इतना है कि कुछ लोग हेलमेट के साथ मफलर बांधकर बाइक पर निकल रहे हैं तो कुछ इधर-उधर देखकर भय में वाहन चला रहे हैं। बावजूद इसके हादसे रूक नहीं रहे। आज भी लक्सर में निश्चय नाम का हाईस्कूल का छात्र ट्यूशन से घर आते समय गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर स्वजन मौके पर पहुंचे तथा छात्र को इलाज के लिए भूमानंद अस्पताल ले जाया गया। ऐसा नहीं है कि पुलिस को चाइनीस मजा बेचने वालों की जानकारी नहीं है। पुलिस ने दो दिन पूर्व चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की है उनका पुलिस ऐक्ट में चालान भी किया है और उनको चाइनीस मांझा ना बेचने की हिदायत दी है।

## पत्नी को साथ भेजने से ससुराल वालों ने किया इंकार, नाराज दामाद ने सास-ससुर और पत्नी को पीटा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पत्नी को साथ न भेजने से नाराज दामाद ने साथियों के साथ मिलकर अपने सास-ससुर और पत्नी की जमकर धुलाई कर दी। तीनों को सड़क पर गिराकर लात-घुसों से जमकर पीटा। उसका वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी बुलाया। मामला लक्सर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गांव रामपुर रायघटी का है।

लक्सर कोतवाली क्षेत्र के रायसी गांव निवासी एक युवक की शादी कोतवाली क्षेत्र के ही गांव रामपुर रायघटी निवासी एक युवती के संग हुई थी। पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसके चलते युवक की पत्नी मायके में आकर रहने लगी। बताया गया है कि युवक दो दिन पूर्व अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था। जहां पर सास ससुर ने युवक की पत्नी को साथ भेजने से इंकार कर दिया गया। जिस पर युवक का पारा चढ़ गया और लडाई झगड़ा कर अपने घर वापस आ गया। बुधवार को वह फिर अपने दो अन्य साथियों को साथ लेकर ससुराल पहुंचा और पत्नी को साथ चलने को कहा, जिस पर पत्नी ने साथ चलने से इंकार कर दिया। इससे नाराज युवक ने अपनी पत्नी को पिटना शुरू कर दिया। बीच में आए सास-ससुर को भी अपने साथियों के साथ मिलकर घर के बाहर घसीटते हुए कीचड़ में पटककर जमकर मारा-पीटा।

इस दौरान आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई और हमलावरों के चंगुल से उन्हें छुड़ाया।

भीड़ इकट्ठा देख हमलावर मौके से भाग निकले। इसी बीच किसी ने मौके का वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने का मामला संज्ञान में आया था। दोनों पक्षों को बुलाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष की तहरीर मिलने पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस की संयुक्त छापेमारी, मौके से गौमांस और अन्य सामग्री बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड गौवंश संरक्षण स्क्वाड, गढ़वाल परिक्षेत्र, हरिद्वार व कोतवाली गंगनहर की संयुक्त पुलिस टीम ने रुड़की क्षेत्र के ग्राम सोहलपुर गाड़ा स्थित खेत में दबिश देकर मौके से गौ वंश के अंग, वध करने के हथियार व अन्य सामान बरामद किया। पुलिस को देखकर तीन आरोपित मौके का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस टीम ने पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाया, जिन्होंने द्वारा मौके से बरामद मांस एवं खाल में से सैंपल लिए। शेष गौमांस को नष्ट किया गया। बरामदगी के आधार पर कोतवाली गंगनहर रुड़की में इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घर में लगी आग से लाखों का नुकसान

**भयानक आग**

**8 आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया स्कूटी की बैटरी में आग लगना माना जा रहा है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
देर रात एक मकान में भयानक आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। हादसा रुड़की के इमली रोड पर हुआ। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया स्कूटी की बैटरी में आग लगना माना जा रहा है।

रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के इमली रोड पर राव तालिब के घर में रात तीन बजे अचानक आग लग गई। राव तालिब के पुत्र



आसिम की अचानक नींद खुली तो उन्होंने देखा कि घर में आग लगी है। उसने बाहर निकलकर शोर मचाया तो पड़ोसी भी जाग गए। सभी ने आग को बढ़ता देख उस पर काबू पाने का प्रयास किया। पड़ोसी अमजद ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना भी दी।

पुलिस के पहुंचने से पहले ही मोहल्ले के लोगों ने आग पर काबू पा लिया। माना जा रहा है कि आग लगने का मुख्य कारण इलेक्ट्रिक स्कूटी में शॉर्ट सर्किट होना है। बताया जा रहा है घर में उस वक्त दो इलेक्ट्रिक स्कूटी खड़ी थी, जिनमें आग लगी।

## उत्तराखंड नवनिर्माण सेवा समिति आयोजित करेगी गढ़ महोत्सव

**गढ़ महोत्सव**

**8 लोक संस्कृति को बचाने के लिए समिति द्वारा कई सालों से गढ़ महोत्सव का आयोजन कर रहा है।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की लोक संस्कृति को बचाने के लिए गठित की गई उत्तराखंड नवनिर्माण सेवा समिति स्वर्गीय प्रेम गौनियाल की स्मृति में आगामी 10 फरवरी को भरत मंदिर इंटर कॉलेज के खेल प्रांगण में ऋषिकेश गढ़ महोत्सव का आयोजन करेगी।

गुरुवार को आईएसबीटी स्थित प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में उत्तराखंड के नवनिर्माण सेवा




समिति के अध्यक्ष जगदीश कंडवाल, जितेंद्र भट्ट ने बताया कि गढ़ महोत्सव में उत्तराखंड के प्रसिद्ध जागर सम्राट मंगलेश डंगवाल, लोक गायिका संगीता ढोंडियाल, पूनम सती अपने गानों की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी, कार्यक्रम संरक्षक प्रांत कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिनेश सेमवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष निवर्तमान मेयर अनीता मंमगाई, अति विशिष्ट अतिथि मैडम रजनी रावत, विशिष्ट अतिथि अक्षत गोयल द्वारा किया जाएगा।

इस मौके पर हिमालयन अस्पताल रक्तदान शिविर का भी आयोजन करेगा, जिसमें समिति से जुड़े लोग रक्तदान करेंगे।

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति को बचाने के लिए समिति द्वारा कई सालों से गढ़ महोत्सव का आयोजन कर रहा है। पूर्व में समिति द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया था। इस बार उत्तराखंड के शहीदों के परिजनों को समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

समिति द्वारा आगे भी लोक संस्कृति को बचाने के लिए जनमानस के साथ मिलकर काम करेगी। इस मौके हेमंत डंग,परीक्षित मेहरा, नवीन देशवाल, ललित शर्मा, जितेंद्र भट्ट जितेंद्र चमोली बलदेव मनोज गोसाई,सुल्तान रावत, गोपाल नेगी, प्रीतम शर्मा आदि थे।

## उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग की नई पहल, एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने मानसखंड पर्यटन और देश के अन्य शहरों -स्थानों पर प्रचार-प्रसार के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन (मानसखंड एक्सप्रेस) का संचालन करने के लिए गुरुवार को एक एमओयू (समझौता हस्ताक्षर) पर हस्ताक्षर किए हैं।

सुभाष रोड स्थित अपने शासकीय आवास में पर्यटन और मंत्री सतपाल महाराज की मौजूदगी में यह एमओयू हुआ। इस दौरान मंत्री ने कहा कि मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने एक नई पहल की गई है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज

**एमओयू**

**8 सुभाष रोड स्थित अपने शासकीय आवास में पर्यटन और मंत्री सतपाल महाराज की मौजूदगी में यह एमओयू हुआ।**

गरिमामयी उपस्थिती में पर्यटन विभाग आईआरसीटीसी के मध्य देश के विभिन्न क्षेत्रों से राज्य के अल्पज्ञात गंतव्यों के लिए एक स्पेशल पर्यटक ट्रेन प्रारंभ करने के लिए अनुबंध कर लिया गया है। पर्यटन विभाग की ओर से डॉ. हरीश रैड़तोलिया, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी और आईआरसीटीसी की ओर से सुनील कुमार, समूह महाप्रबन्धक द्वारा



अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये गये।

उत्तराखंड पर्यटन का यह नूतन प्रयास, भारत के सुदूर इलाकों से सैलानियों को उत्तराखंड के विभिन्न अल्पज्ञात दर्शनीय स्थलों तक पहुंचाने में कड़ी का काम करेगा। इस ट्रेन के संचालन से राज्य के पर्यटन विकास को एक नयी दिशा मिलेगी। मानसखंड स्थित मंदिरों की यात्रा के साथ शुरू होने वाली प्रथम ट्रेन अप्रैल माह में संचालित किया जाना प्रस्तावित है। भविष्य में तमिलनाडु से कार्तिक स्वामी मंदिर रुद्रप्रयाग, उड़ीसा से जगन्नाथ मंदिर- उत्तरकाशी आदि के लिए भी यात्रा कार्यक्रम बनाए जाएंगे।

यात्रा के दौरान उत्तराखंडी व्यंजन परोसे जाएंगे और पर्यटन विभाग की ओर से प्रशिक्षित गाइड्स को भी रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। इस ट्रेन को उत्तराखंड से जुड़े विभिन्न गंतव्यों, उत्तराखंडी व्यंजन, त्योहार आदि को चित्रों द्वारा सुसज्जित किया जायेगा, जिससे देश के विभिन्न शहरों से गुजरने पर इन गंतव्यों के बारे में आम जनमानस को जानकारी भी प्राप्त हो सके।

मानसखंड स्थित विभिन्न मंदिरों के भ्रमण के लिए पहली ट्रेन अप्रैल, 2024 में कोलकाता से चलाई जाएगी। इसके पाद अन्य शहरों के लिए भी तैयारी की जा रही है। मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन के लिए हुए करार के अनुसार उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद का खर्च सालाना पांच करोड़ के लगभग होगा।

मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन के यात्रियों के लिए ये हैं प्रमुख दशार्नार्थ स्थान-
पूर्णागिरी, हाट कालिका, पाताल भुवनेश्वर, मायावती, बालेश्वर, मानेश्वर, जागेश्वर, गोलू, देवता-चितई, नंदा देवी, कसार देवी, कटारमल अल्मोड़ा, नानकमत्ता गुरुद्वारा,खटीमा और नैना देवी नैनीताल ऐसे सम्भावित स्थल हैं। जिनका मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन के यात्रियों के दशार्नार्थ प्रमुख स्थान हैं। मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन में पांच सौ यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। ट्रेन के सभी यात्री डिब्बे सेकेंड एसी हैं। साथ ही ट्रेन में यात्रा के दौरान भोजन की भी व्यवस्था होगी।

यात्रा के दौरान यात्रियों को उत्तराखंड के व्यंजन भी परोसे जाएंगे। यात्रा के दौरान होटल व्यवस्था, यात्रियों द्वारा भ्रमण, गाइड आदि को टूर पैकेज के रूप में भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) रेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सुनिश्चित किया जाएगा।

# भू-धंसाव प्रभावित स्थानीय मूल निवासियों ने अपनी चिंता से शासन को कराया अवगत

**आपदा**

**8 जोशीमठ भू धंसाव आपदा को एक वर्ष का समय पूर्ण हो चुका है, और अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।**



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ भू-धंसाव प्रभावित स्थानीय मूल निवासियों ने विस्थापन को लेकर अपनी चिंताओं व समस्याओं से राज्य सरकार को अवगत कराते हुए यथाशीघ्र समाधान किए जाने की अपेक्षा की है।
जोशीमठ भू धंसाव आपदा को एक वर्ष का समय पूर्ण हो चुका है, और अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। एक वर्ष के लंबे इंतजार के बाद गत 20 जनवरी को उत्तराखंड सरकार के आपदा प्रबंधन सचिव ने प्रभावितों के साथ बैठक कर बारह सौ घरों को खाली कराने की मंशा जाहिर करते हुए विस्थापन के लिए प्रस्तावित चयनित स्थान का भी खुलासा कर दिया था।
इसी बैठक में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जो हाई रिस्क जोन दिखाए गए हैं, उनमें जोशीमठ के सभी मूल गांवों को भी दशार्या गया है,जबकि इनके आसपास सेना, आईटीबीपी, ग्रैफ व एनटीपीसी आदि सरकारी महकमों को सुरक्षित ग्रीन जोन में दिखाया गया है। ऐसे में स्थानीय मूल गांवों के निवासियों का चिंतित होना स्वाभाविक ही है।
इन्हीं सब चिंताओं व आशंकाओं को लेकर स्थानीय मूल निवासियों ने एक बैठक कर अपने भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु विचार रखे और तय हुआ कि मूल/पुस्तैनी निवासियों की भविष्य को लेकर जो चिंताएं व शंकाए हैं, उनसे उत्तराखंड सरकार को अवगत कराया जाय।
इसी क्रम में गुरुवार को एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी जोशीमठ के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया, जिसमें कहा गया है कि मूल निवासी कहीं भी अन्यत्र विस्थापित नहीं होना चाहते क्योंकि मूल निवासियों के पास प्रभावित भूमि के अलावा मारवाड़ी से सुनील-औली-गौंख तथा होसी (रविग्राम) से लेकर मनोटी-औली तक पर निजी भूमि है और सुरक्षित क्षेत्र में है।
इन स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं को विकसित कर मानकों के अनुसार आवासीय मकान एवं गौशाला निर्माण कर आवंटित किए जाने, जिन मूल/पुश्तैनी निवासियों को प्रभावित मकानों का भुगतान हो चुका है। उन्हें उनकी निजी सुरक्षित भूमि पर मकान व गौशाला निर्माण कर आवंटित करने और जिन प्रभावित मूल निवासियों के पास प्रभावित भूमि के अलावा अन्य भूमि नहीं है उन्हें राजस्व भूमि आवंटित कर मकान/गौशाला निर्माण कराने, प्रभावित होने वाले मूल/पुश्तैनी निवासी असुरक्षित भवनों की भूमि का मुआवजा नहीं लेंगें और जोशीमठ भू-धंसाव उपचार के बाद भूमि स्थिर होने पर उसी पैतृक भूमि पर मानकों के अनुसार बसावट करेंगे।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महाविद्यालय में हुआ नुक्कड़ नाटक

**जागरूकता**

**8 मतदान जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी के बारे में नाटक के माध्यम से बताई गई।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के कर्णप्रयाग महाविद्यालय में गुरुवार को कर्णभूमि कला मंच की ओर से मतदान जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक किया गया।
महाविद्यालय के प्रांगण में इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार फॉर्म छह भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर सकते हैं।
इसके अलावा समय-समय पर मतदान जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी के बारे में नाटक के माध्यम से बताई गई। दर्शकों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि प्रत्येक मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करे।
इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़, जनपद स्वीप कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दर्शन सिंह नेगी, महाविद्यालय कैंपस एंबेसडर डॉ.कविता पाठक, डा. केआर डंगवाल, एनएसएस की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रावती टम्टा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भू धंसाव प्रभावित स्थानीय मूल निवासियों ने अपनी चिंता से शासन को कराया अवगत

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ भू-धंसाव प्रभावित स्थानीय मूल निवासियों ने विस्थापन को लेकर अपनी चिंताओं व समस्याओं से राज्य सरकार को अवगत कराते हुए यथाशीघ्र समाधान किए जाने की अपेक्षा की है।
जोशीमठ भू धंसाव आपदा को एक वर्ष का समय पूर्ण हो चुका है, और अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। एक वर्ष के लंबे इंतजार के बाद गत 20 जनवरी को उत्तराखंड सरकार के आपदा प्रबंधन सचिव ने प्रभावितों के साथ बैठक कर बारह सौ घरों को खाली कराने की मंशा जाहिर करते हुए विस्थापन के लिए प्रस्तावित चयनित स्थान का भी खुलासा कर दिया था।
इसी बैठक में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जो हाई रिस्क जोन दिखाए गए हैं, उनमें जोशीमठ के सभी मूल गांवों को भी दशार्या गया है,जबकि इनके आसपास सेना, आईटीबीपी, ग्रैफ व एनटीपीसी आदि सरकारी महकमों को सुरक्षित ग्रीन जोन में दिखाया गया है। ऐसे में स्थानीय मूल गांवों के निवासियों का चिंतित होना स्वाभाविक ही है।
इन्हीं सब चिंताओं व आशंकाओं को लेकर स्थानीय मूल निवासियों ने एक बैठक कर अपने भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु विचार रखे और तय हुआ कि मूल/पुस्तैनी निवासियों की भविष्य को लेकर जो चिंताएं व शंकाए हैं, उनसे उत्तराखंड सरकार को अवगत कराया जाय।
इसी क्रम में गुरुवार को एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी जोशीमठ के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया, जिसमें कहा गया है कि मूल निवासी कहीं भी अन्यत्र विस्थापित नहीं होना चाहते क्योंकि मूल निवासियों के पास प्रभावित भूमि के अलावा मारवाड़ी से सुनील-औली-गौंख तथा होसी (रविग्राम) से लेकर मनोटी-औली तक पर निजी भूमि है और सुरक्षित क्षेत्र में है।
इन स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं को विकसित कर मानकों के अनुसार आवासीय मकान एवं गौशाला निर्माण कर आवंटित किए जाने, जिन मूल/पुश्तैनी निवासियों को प्रभावित मकानों का भुगतान हो चुका है। उन्हें उनकी निजी सुरक्षित भूमि पर मकान व गौशाला निर्माण कर आवंटित करने और जिन प्रभावित मूल निवासियों के पास प्रभावित भूमि के अलावा अन्य भूमि नहीं है उन्हें राजस्व भूमि आवंटित कर मकान/गौशाला निर्माण कराने, प्रभावित होने वाले मूल/पुश्तैनी निवासी असुरक्षित भवनों की भूमि का मुआवजा नहीं लेंगें और जोशीमठ भू-धंसाव उपचार के बाद भूमि स्थिर होने पर उसी पैतृक भूमि पर मानकों के अनुसार बसावट करेंगे।
ज्ञापन में ट्रीटमेंट कार्यों को ऐरा पुल (खंचा) से मारवाड़ी तक धौली व अलकनंदा के बायीं ओर मजबूत तटबंध का निर्माण कराने, औली से शुरू करते हुए जोशीमठ के सभी वार्डों में सीवरेज एवं ड्रेनेज की समुचित करने, नगर में बहने वाले नालों का सुधारीकरण करने, भू-धंसाव प्रभावित जोशीमठ नगर क्षेत्र मे स्थित सामुदायिक भवन, मठ-मंदिर, गोचर, पनघट, घाट व पितृ विसर्जन गृह आदि को सुरक्षित करने, आपदा अधिनियम के तहत समस्त सरकारी व गैरसरकारी निर्माण कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, भूमि के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाए जाने व जोशीमठ मे विस्थापन व पुनर्वास कार्यालय खोलने सहित कुल 13 सूत्री प्रमुख मांगें हैं।

### यूसीसी के विधानसभा में पारित होने पर भाजपा कार्यकताओं ने की आतिशबाजी, बांटी मिठाई

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधान सभा में समान नागरिक संहिता विधेयक के पारित होने पर गुरुवार को चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए आतिशबाजी कर मिठाई बांटी।
वर्तमान विधानसभा सत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए भारतवर्ष के सभी राज्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हुए समान नागरिक संहिता को उत्तराखंड विधानसभा के पटल पर रखा और दो दिनों की बहस के पश्चात विधेयक को पारित किया गया। विधेयक को पारित करने पर उत्तराखंड के सभी लोगों में उत्साह है। इसी क्रम में मुख्यालय गोपेश्वर के बस स्टैंड पर पूर्व जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं विधानसभा उत्तराखंड का आभार व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी कर किया गया। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता अधिनियम का देवभूमि से सर्वप्रथम पारित करना हम सबके लिए गर्व की बात है और भारतीय जनता पार्टी अपने दृष्टिपत्र के अनुरूप कार्य कर रही है।

# पटवारियों ने वेतन बिलों व देयकों के भुगतान की मांग की

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर पर्वतीय राजस्व निरीक्षक और राजस्व उपनिरीक्षकों ने टिहरी शाखा के संघ भवन में बैठक की। शासन-प्रशासन से राजस्व उपनिरीक्षकों की मांगों का निराकरण करने की मांग करते हुए कहा कि वेतन बिलों, देयकों का भुगतान तत्काल करें।
गुरुवार को राजस्व निरीक्षक संघ भवन में पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक एवं राजस्व सेवक संघ टिहरी शाखा से जुड़े कर्मचारियों ने संगठन के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

# भाजपा जिला मुख्यालय में पूर्व मंत्री धनाई का किया गया स्वागत

**भव्य स्वागत**

**8 दिनेश धनाई भारी संख्या में समर्थकों के साथ गुरुवार को भाजपा के जिला कार्यालय नई टिहरी पहुंचे।**




**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व काबीना मंत्री दिनेश धनाई भारी संख्या में समर्थकों के साथ गुरुवार को भाजपा के जिला कार्यालय नई टिहरी पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा की रीती-नीती पर चलकर जिले के विकास के लिए पूरे मन से काम करने का बात कही।
गुरुवार को भाजपा जिला मुख्यालय पर गहमागहमी रही। भाजपा जिला कार्यालय पर दोपहर में पूर्व काबीना मंत्री भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार पहुंचे, जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उनके समर्थकों का भी भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। इस मौके पर दिनेश धनाई ने कहा कि वे भाजपा में जिले के विकास की सोच लेकर आये हैं। भाजपा के साथ टिहरी के विकास में और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा की भाजपा की रीती-नीती पर चलते सबको साथ लेकर सकारात्मक नजरिये से काम करेंगे और भाजपा की कसौटी पर पूरी तरसे खरा उतरने का काम करेंगे।
भाजपा में जगह देने के लिए उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व सहित भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल व सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं का आभार जताया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि दिनेश धनाई जमीन से जुड़े नेता हैं। भाजपा में आने से मजबूती मिलेगी। भाजपा हर स्तर पर अपने नेताओं को मजबूत करने का काम करेगी और विकास के लिए कदम से कदम मिलाने का काम करेगी।
इस मौके पर टिहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली, जाखणीधार प्रमुख सुनीता देवी, चंबा प्रमुख शिवानी विष्ट, अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तौफीक अहमद, असगर अली, गोविंद विष्ट, बलबीर नेगी, देवेंद्र बेलवाल, दर्मियान कंडारी, आनंदी नेगी, संजय मैठाणी, संदीप रावत, सुशील बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो तस्कर दबोचे, चरस बरामद

**अभियान**

**8 नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सिडकुल पुलिस को आज बड़ी कामयाबी मिली।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत जनपद को नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सिडकुल पुलिस को आज बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने भारी मात्रा में चरस के साथ दो तस्करों को चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है।
सिडकुल पुलिस चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान पुलिस ने केविन केयर काले गेट के पास रोशनाबाद में दो बाइक सवारों को देखा। दोनों पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने मशक्कत के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास 4 किलो 800 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित दोनों लोकेंद्र सिंह पुत्र बृजपाल सिंह निवासी लाडनपुर हल्दौर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश के पास से 2 किलो 600 ग्राम चरस व रामवीर शर्मा पुत्र नरेश कुमार शर्मा ग्राम पीपली जट हीमपुर दीपा जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश के पास से 2 किलो 200 ग्राम चरस बरामद की।

# साबली में प्रज्ञा दीक्षित ने बांटे सैनेटरी नैपकिन

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
डीएम मयूर दीक्षित की पत्नी प्रज्ञा दीक्षित भी नियमित जनपद में सामाजिक सरोकारों को अंजाम दे रही हैं। इसके तहत उन्होंने गुरुवार को चंबा ब्लाक के साबली तल्ली के पं दीनदयाल उपाध्याय मिनी सचिवालय और राउप्रा विद्यालय साबली में किशोरी छात्राओं व महिलाओं को सैनेटरी नैपकिन वितरित कर माहवारी में साफ-सफाई की जानकारी दी। छात्रों के साथ मिड डे मिल खाकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रज्ञा दीक्षित ने पं दीनदयाल उपाध्याय मिनी सचिवालय के सभागार साबली तथा राउप्रा विद्यालय साबली में किशोरियों एवं महिलाओं को सैनेटरी नैपकिन के फायदे, उपयोग करने और उपयोग करने बाद डिस्पोज करने के तरीके की जानकारी दी।

# युवतियों के सर्वांगीण विकास में यूथ रेडक्रॉस शिविर का आयोजन महत्वपूर्ण: सुषमा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा, शाखा चंडीगढ़ का हरिद्वार के नंगली बेला आश्रम में 7 से 12 फरवरी तक लड़कियों के लिए यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
शिविर का औपचारिक उद्घाटन भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ की वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर सुषमा गुप्ता ने रैड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डुनान्ट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस हरियाणा द्वारा इस प्रकार के शिविरों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य, सेवा व मित्रता के उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए विभिन्न प्रकार के विषयों पर जानकारी दी जाती है। उन्होंने प्रतिभगियों से कहा कि आप अपने जीवन में सफल होकर रैड क्रॉस के सिद्धांतों को अपने जीवन बनाये रखें। उन्होंने कहा कि माता-पिता हमें सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, तो उनके सम्मान बनाए रखना जीवन का परम आवश्यक है, ताकि हमारे माता-पिता हम पर गर्व कर सकें।
कैम्प निदेशक रोहित शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस शिविर में पूरे हरियाणा के 35 महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय से 31 काउंसलर व 182 लड़कियां भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के यूथ रैड क्रॉस शिविरों के आयोजन में रैड क्रॉस का इतिहास, आपदा प्रबंधन, नशा मुक्ति, मोबाइल का दुरूपयोग, बेसिक प्राथमिक सहायता, स्वस्थ जीवन शैली इत्यादि विषयों की जानकारी सांझा की जाएगी।
इस अवसर पर हरिद्वार रेडक्रॉस के सचिव नरेश चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। रमेश चौधरी स्टेट ट्रेनिंग सुपरवाइजर द्वारा मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। पहले सत्र में शिविर निदेशक रोहित शर्मा द्वारा रेडक्रॉस के विस्तृत इतिहास बारे जानकारी प्रदान की।

# यूसीसी विधेयक पास होने पर भाजपा ने मनाया जश्न



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार का विधानसभा में समान नागरिक संहिता बिल पारित होने पर चंद्राचार्य चौक पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर एवं आतिशबाजी कर उत्सव मनाया।
इस अवसर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि देश का पहला समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखंड सरकार में पास हो गया है। 2 दिन की लंबी चर्चा के बाद सदन में ध्वनि मत से पास हुआ। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित सभी जनप्रतिनिधियों धन्यवाद के पात्र हैं। इसी के साथ-साथ विधानसभा में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारी एवं उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने वाला विधेयक संशोधन के साथ सदन में सर्वसम्मति से पारित हुआ।
भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार के नेतृत्व में पास हुआ यह ऐतिहासिक समान नागरिक संहिता बिल उत्तराखंड वासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सभी धर्म, समुदायों के लिए एक समान एक बराबर कानून अति आवश्यक था।
इस कानून के बनने से संपूर्ण प्रदेशवासियों में समानताओं का भाव उत्पन्न होगा। यह विधेयक मातृशक्ति के सम्मान व सुरक्षा के प्रति पुष्कर सिंह धामी सरकार के संकल्प को परिलक्षित करता है।
इस अवसर पर जिला महामंत्री आशु चौधरी, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, हीरा सिंह बिष्ट ,तरुण नैय्यर, लव शर्मा, मनोज गर्ग ,अनिल अरोड़ा विशाल गर्ग, सुनील शेट्टी, सचिन बेनीवाल, नकली राम सैनी, नेत्रपाल चौहान, सचिन शर्मा, सिद्धार्थ कौशिक, प्रीति गुप्ता, शीतल पुंडीर, सरिता यादव, सरोज जाखड़, रजनी वर्मा, मनोज शर्मा, अरुण आर्य, दीपांशु विद्यार्थी, आकाश भाटी, अनिल कुमार, कामिनी सदाना, सचिन अग्रवाल, राहुल शर्मा, विक्की शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पर्यटकों को भा रहा विंटर डेस्टिनेशन ब्रह्मताल ट्रैक, हर दिन पहुंच रहे पर्यटक

**बर्फबारी**

**8 बर्फबारी के बाद पर्यटक पहाड़ों का रुख करने लगे हैं, जिससे व्यवसायियों के चेहरे खिल उठे हैं**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
इस साल लंबे अरसे बाद हुई बर्फबारी नें पर्यटकों के चेहरे खिल उठे हैं। बर्फबारी के बाद भले ही पहाड़ के लोगों की दुश्वारियों में इजाफा हुआ हो,लेकिन पहाड़ों की सैर करने वाले पर्यटकों की बांछें खिली हुई हैं।
भारी बर्फबारी के बाद पर्यटक इन दिनों पहाड़ों का रुख करने लगे हैं, जिससे स्थानीय व्यवसायियों के चेहरे खिल उठे हैं। भारी बर्फबारी के बाद चमोली के औली के बाद देवाल ब्लाक के लोहजंग से भेंकलताल-ब्रह्मताल ट्रैक इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। हर दिन सैकड़ों पर्यटक यहां की खूबसूरती का आनंद लेने यहां आ रहे है। अहमदाबाद गुजरात से आये पर्यटक भाविन ठाकोर, उत्सव गज्जर, नवेदखान पठान, जय भट्ट ब्रह्मताल ट्रैक की खूबसूरती को देख अभिभूत हुए। टीम हिमालयन हायकर के ट्रैकिंग गाइड कविता दानू, सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया की बर्फबारी होने से देश के कोने-कोने से पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। यहां की खूबसूरती देखकर हर कोई हतप्रभ है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि लोहजंग-भेंकलताल-ब्रह्मताल ट्रैक को विकसित करने के लिए दीर्घकालीन योजनाओं को अमलीजामा पहनाये, जिससे न केवल पर्यटन बढेगा अपितु रोजगार के अवसर भी बढेंगे।ट्रैकिंग से जुडे.युवा हीरा सिंह गढ़वाली और प्रदीप कुनियाल ने बताया कि बर्फबारी से देवाल घाटी में पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। विंटर डेस्टिनेशन के रूप में वर्तमान में लोहजंग-भेंकलताल-ब्रहमताल और मोनाल टॉप पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। पर्यटकों की आमद होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

# बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से की भेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना व प्रसारण, युवा मामलों और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से भेंट की।
इस अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र ने कहा कि कोविड काल में चारधाम यात्रा पूरी तरह से बाधित हो चुकी थी। मगर प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री धामी के कुशल मार्गदर्शन में विगत दो वर्षों के दौरान चारधाम यात्रा ने नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं।



अजेंद्र ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केदारनाथ और बदरीनाथ धामों में मास्टर प्लान के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की भी केंद्रीय मंत्री से चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को कपाट खुलने पर केदारनाथ और बदरीनाथ धाम की यात्रा का आमंत्रण भी दिया।

# आईपीएल 2024 में कौन है सबसे महंगा कप्तान, हार्दिक पांड्या से ज्यादा है केएल राहुल की सैलरी

नई दिल्ली.एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। आईपीएल 2024 में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन 10 टीमों के कप्तानों में किसकी सैलरी सबसे ज्यादा है और किसकी सैलरी सबसे कम है। लखनऊ सुपर जायन्ट्स के कप्तान केएल राहुल जहां आईपीएल 2024 के सबसे महंगे कप्तान होंगे, वहीं सबसे सस्ता कप्तान सनराइजर्स हैदराबाद के पास है। सनराइजर्स हैदराबाद हालांकि आईपीएल 2024 के आगाज से पहले नए कप्तान का ऐलान भी कर सकता है। फिलहाल सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम हैं, जिनकी सैलरी 2.6 करोड़ रुपये है। आईपीएल 2024 के कप्तानों में सबसे ज्यादा सैलरी लखनऊ सुपर जायन्ट्स के कप्तान केएल राहुल हैं। केएल राहुल की सैलरी 17 करोड़ रुपये है। वहीं दूसरे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत हैं, पंत की सैलरी 16 करोड़ रुपये है।ऋषभ पंत की वापसी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग बयान दे चुके हैं, लेकिन उन्होंने साथ ही कहा है कि अगर पंत कप्तानी के लिए तैयार नहीं होते हैं, तो ऐसे में डेविड वॉर्नर ही दिल्ली कैपिटल्स की कमान संभालेंगे। पोंटिंग ने कहा कि पंत इस बात को लेकर पूरी तरह कॉन्फिडेंट हैं कि वह आईपीएल 2024 पूरा खेल लेंगे।

मुंबई इंडियंस के लिए इस बार कप्तानी रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या करते हुए नजर आएंगे। हार्दिक इससे पहले गुजरात टाइटन्स के कप्तान थे, लेकिन मुंबई इंडियंस के साथ ऑल कैश डील के साथ वह मुंबई इंडियंस टीम में वापस लौट गए हैं। चलिए, एक नजर डालते हैं किस टीम के कप्तान की कितनी सैलरी है.

# मेसी के खिलाफ फैंस की हूटिंग, गोल दागने के दो मौके गंवाए, इंटर मियामी को पेनल्टी शूटआउट में मिली हार

नई दिल्ली.एजेंसी

तोक्यो- हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेसी विसेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेसी के पास बुधवार को खेले गये इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका दोनों प्रयास विफल हो गया। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया।

**निराश फैंस ने की हूटिंग**

नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेसी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद लगभग 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की। यह हूटिंग हालांकि हांगकांग से कम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेसी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेसी



और इंटर मियामी को नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था।

मेसी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे। इंटर मियामी के कोच गेरार्डो मार्टिनो ने कहा, "मंगलवार शाम को अभ्यास के बाद, उन्होंने (मेसी) कहा कि वह अच्छा महसूस कर रहे हैं और हम सहमत हुए कि वह 30 मिनट खेलेंगे।' उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि मेसी ने पेनल्टी क्यों नहीं लगायी। कोच ने कहा, 'मैच खत्म होने के बाद अब हम बहुत संतुष्ट हैं क्योंकि मेसी बहुत सहज दिख रहे थे।'

# T20I वर्ल्ड कप 2024 में ये भारतीय गेंदबाज मचाएगा तबाही

## वेर्नोन फिलैंडर ने कर दी भविष्यवाणी

**दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे।**

जोहानिसबर्ग.एजेंसी

सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट में नौ विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर सीरीज में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे।फिलैंडर ने भाषा को दिए विशेष इंटरव्यू में कहा, बुमराह इस समय कंपलीट गेंदबाज हैं। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय



विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी20 क्रिकेट में भी कभी कमतर नहीं आंका जा सकता। वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिये मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी20 क्रिकेट में यही तो चाहिए। मुझे लगता है कि वह टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे।

टी20 वर्ल्ड कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा। उन्होंने मोहम्मद शमी की भी तारीफ करते हुए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के लिये 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा, भारत के मौजूदा तेज गेंदबाजों से मैं काफी प्रभावित हूं। बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।फिलैंडर ने कहा कि विदेशी सरजमीं पर उम्दा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाजों का टीम में होना भारतीय क्रिकेट के लिये अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा, जब भी भारतीय टीम यहां आती है तो पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करती है। उपमहाद्वीप में स्पिनरों ने भारत को मैच जिताये हैं लेकिन अब उसके पास मैच जिताने वाले तेज गेंदबाज भी हैं।

भारत को ऑस्ट्रेलिया में जीतते देखकर अच्छा लगा जिसका श्रेय विराट कोहली को भी जाता है जब उनकी कप्तानी में गेंदबाजों के प्रदर्शन में निखार देखने को मिला था।वह 2019 में ऑस्ट्रेलिया में खेली गई सीरीज का जिक्र कर रहे थे जब विराट कोहली की कप्तानी में पहली बार भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में हराया था। भारत के खिलाफ पांच घरेलू टेस्ट (2013 और 2018) में 25 विकेट लेने वाले फिलैंडर ने कहा कि कोहली उनके लिये सबसे कठिन बल्लेबाज साबित हुए हैं।

# डेरिल मिचेल SA के खिलाफ दूसरे टेस्ट से हुए बाहर, केन विलियमनस को मिल सकता है ब्रेक

नई दिल्ली.एजेंसी

न्यूजीलैंड के हरफनमौला डेरिल मिचेल पैर की चोट के कारण साउथ अफ्रीका के खिलाफ आगामी दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इसके अलावा, वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए भी उपलब्ध नहीं होंगे। टीम मैनेजमेंट चाहता है कि मिशेल कंगारुओं के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पूरी तरह से फिट हो जाएं। इस वजह से उन्हें इतना लंबा ब्रेक दिया गया है।



मिचेल सभी फॉर्मेट में कीवी टीम के एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं और वे उम्मीद कर रहे होंगे कि उसके पैर की चोट गंभीर न हो। वह पिछले छह-सात महीनों से अपनी चोट को मैनेज कर रहे हैं, लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड का कहना है कि यह मिशेल के लिए चोट से पूरी तरह से उबरने का सबसे अच्छा मौका है।

कोच ने कहा कि हमने पहले भी उन्हें आराम दिया, मगर मेडिकल एड्वाइज लेने के बाद पता चला कि उन्हें लंबे ब्रेक की जरूरत है।

यह वास्तव में कठिन है, क्योंकि अगले कुछ समय में ब्रेक लेने के लिए उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिलेंगे, इस वजह से हमने उन्हें तीन हफ्ते का आराम लेने के लिए कहा है।

## श्रीलंका की वनडे टीम का ऐलान, एशिया कप जिताने वाले कप्तान को ही कर दिया बाहर

नई दिल्ली.एजेंसी

श्रीलंका ने अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज के लिए 16 सदस्यीय मजबूत टीम का ऐलान कर दिया है। वर्ल्ड कप 2023 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कुसल मेंडिस की कप्तानी वाली टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया। एक बार फिर से टीम व्हाइट बॉल की सीरीज खेलने उतरेगी तो टीम का फोकस उसी प्रदर्शन को दोहराने पर होगा। हालांकि, 9 फरवरी से पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाली इस सीरीज के लिए वर्ल्ड कप 2023 में कप्तानी करने वाले दासुन शनाका को नहीं चुना गया है। टीम मैनेजमेंट ने पूर्व कप्तान दासुन शनाका को वनडे टीम से बाहर कर दिया है। एशिया कप



2022 में अपनी शानदार जीत के दौरान ऑलराउंडर दासुन शनाका श्रीलंका का पोस्टर ब्वॉय थे, लेकिन हाल के दिनों में उनकी फॉर्म में गिरावट आई और ऐसे में चयन समिति को अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। शनाका जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में खेले थे, लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। यहां तक कि वर्ल्ड कप में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। ऐसे में टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं ने घरेलू सीरीज के लिए उनको टीम से ड्रॉप कर दिया है। वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान की टीम एक समय पर सेमीफाइनल के लिए क्वॉलिफाई करने के करीब थे, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका। कई मैच करीबी अंतर से टीम ने हारे और फिर भारत में टी20 सीरीज में भी अफगानिस्तान ने मात झेली और इसके बाद श्रीलंका में एकमात्र टेस्ट मैच भी गंवाया।

वहीं, श्रीलंका के लिए वनडे वर्ल्ड कप के बाद कुछ अच्छे नतीजे कुसल मेंडिस की कप्तानी में आए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच वनडे सीरीज रोमांचक होगी।

# यूं ही नहीं यारों के यार कहलाते माही...अब कुछ इस अंदाज में दी दोस्ती की मिसाल; जीता फैंस का दिल



नई दिल्ली.एजेंसी

दोस्ती निभाना कोई महेंद्र सिंह धोनी से सीखे...माही की जिंदगी में वैसे तो बहुत कम दोस्त हैं, मगर जितने भी हैं वह उनके बहुत करीब हैं। धोनी के कुछ साथी ऐसे हैं जिन्होंने करियर की शुरुआत में उनका बहुत साथ दिया था। इनमें से एक दोस्त परमजीत सिंह हैं। अगर आपने सुपरहिट फिल्म एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी देखी है, तो आपको एमएस धोनी का एक सिख दोस्त जरूर याद होगा, जो झारखंड के रांची में एक छोटे से स्पोर्ट्स सप्लाई स्टोर का मालिक था, जिसने माही को उनकी पहली स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप दिलाने में मदद की थी।

माही को पहली स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप दिलाने वाले परमजीत सिंह को धोनी कुछ ऐसा गिफ्ट देंगे ये शायद उनके दोस्त ने भी नहीं सोचा होगा। दरअसल, हाल ही में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर सामने आई है जिसमें धोनी आगामी आईपीएल 2024 के लिए प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्हें प्राइम स्पोर्ट्स के स्पॉन्सरशिप वाले बैट के साथ खेलता देखा गया है। बता दें, प्राइम स्पोर्ट्स धोनी के दोस्त परमजीत सिंह की ही दुकान का नाम है।

जी हां, धोनी अपने इस जेस्चर से अपने दोस्त को करियर की शुरुआत में मदद करने के लिए शुक्रियादा करते नजर आए। इसमें कोई हैरानी वाली बात नहीं होगी कि माही इसी स्पॉन्सरशिप वाले बैट के साथ आगामी आईपीएल सीजन में भी खेलते नजर आएं।

2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके माही अब 42 साल के हो गए हैं, वह अब आईपीएल में ही फैंस का मनोरंजन करते हुए नजर आते हैं। उनकी उम्र को देखते हुए यह कयास लगाए जा रहे हैं कि यह आईपीएप बतौर खिलाड़ी उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल में भिड़ सकते हैं भारत-पाकिस्तान?

**अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान की भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से है। अगर पाक यहां कंगारुओं को धूल चटाता है तो फाइनल में उनकी भिड़त भारत से हो सकती है।**



नई दिल्ली.एजेंसी

क्रिकेट का टूर्नामेंट तब तक अधूरा माना जाता है जब तक फैंस को भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत देखने को नहीं मिलती। यह राइवलरी किसी भी टूर्नामेंट चार चांद लगाने का काम करती है। इस समय साउथ अफ्रीका में अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 खेला जा रहा है और इस टूर्नामेंट का कारवां अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है, मगर फैंस को अभी तक इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला देखने को नहीं मिला है।

पिछले कुछ सालों में ऐसा बहुत ही कम हुआ है जब भारत और पाकिस्तान की टीमों ने किसी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया हो और दोनों टीमों की भिड़ंत ना हुई हो। ऐसे में अब फैंस उम्मीद लगाए बैठे हैं कि फाइनल में तो इन दोनों टीमों को वह एक दूसरे के खिलाफ जरूर देखें, लेकिन क्या ये संभव है? आइए जानते हैं-

गत चैंपियन भारत के साथ साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया था। पहले सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को 2 विकेट से रौंदकर लगातार 5वीं बार खिताबी जंग में अपनी जगह बनाई है।वहीं दूसरा सेमीफाइनल आज ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच खेला जाना है। अगर इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम कंगारुओं को चित करने में कामयाब रहती है तो फाइनल में उनका मुकाबला भारत से होगा। वहीं, अगर पाकिस्तान की टीम को मुंह की खानी पड़ती है तो फैंस को इस बार पूरे टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत देखने को नहीं मिलेगी।

**सुपर-6 में एक ग्रुप में होने के बावजूद क्यों नहीं हुआ इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मैच?**

अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत ग्रुप स्टेज से हुई थी। भारत ग्रुप-ए में था तो पाकिस्तान ग्रुप डी में। दोनों टीमों ने अपने-अपने ग्रुप के सभी मुकाबले जीतकर अगले राउंड यानी कि सुपर-6 के लिए क्वालीफाई किया था। सुपर-6 में 12 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया था। भारत और पाकिस्तान की टीमें इस दौरान एक ही ग्रुप में थी। हालांकि नियमों के चलते एक ही ग्रुप में होने के बावजूद भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे के खिलाफ नहीं खेली थीं।

# वर्ल्ड कप 2023 के बाद विराट कोहली ने कितने मैच खेले और कितने किए मिस?

**2023 वर्ल्ड कप के बाद से विराट कोहली के ने 9T20I, 3 वनडे और 2 टेस्ट समेत अभी तक 14 मैच मिस किए हैं। वहीं इस दौरान उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट के अलावा अफगानिस्तान के खिलाफ 2 T20I खेले हैं।**




नई दिल्ली.एजेंसी

एक समय ऐसा था जब विराट कोहली बिना कोई मैच मिस किए भारतीय टीम के लिए उपलब्ध रहते थे, उनके नाम लगातार 102 वनडे खेलने का भी रिकॉर्ड है। वह भारत के लिए लगातार सबसे ज्यादा वनडे मुकाबले खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं, इस सूची में सचिन तेंदुलकर 185 वनडे के साथ टॉप पर हैं, वहीं पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन 126 वनडे के साथ दूसरे पायदान पर हैं।

विराट कोहली की अपार फिटनेस उन्हें इस काबिल बनाती है कि वह भारतीय टीम के लिए लगातार मैच खेल सकें, मगर कुछ समय से वह उन्हें कई मैच मिस किए हैं। हालांकि यहां उनकी फिटनेस का कोई मसला नहीं है, मगर वह अन्य कारणों के चलते मैच मिस करते रहे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ जारी 5 मैच की टेस्ट सीरीज के पहले दो मुकाबलों के लिए जब बीसीसीआई ने स्क्वॉड का ऐलान किया था तो उसमें किंग कोहली का नाम था। विराट पहले टेस्ट के लिए हैदराबाद में ट्रेनिंग करने भी पहुंचे थे, मगर निजी कारणों के चलते उन्होंने सीरीज शुरू होने से दो दिन पहले टीम से अपना नाम वापस ले लिया।विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले दो मुकाबलों के लिए उपलब्ध नहीं रहे, वहीं अब खबरें हैं कि वह सीरीज के अगले दो मैच भी मिस कर सकते हैं। हाल ही में कोहली के सबसे करीबी दोस्त एबी डी विलियर्स ने खुलासा किया था कि विराट दूसरी बार पिता बनने जा रहे हैं जिस वजह से वह अपना ज्यादातर समय पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ ही बिता रहे हैं।

बीसीसीआई अगले कुछ दिनों में ही सीरीज के बीचे तीन मैचों के लिए स्क्वॉड का ऐलान करेगा, तब विराट कोहली की उपलब्धता की तस्वीर साफ होगी।अगर 2023 वर्ल्ड कप के बाद से विराट कोहली के मिस किए गए मैचों पर नजर डालें तो, उन्होंने 920, 3 वनडे और 2 टेस्ट समेत अभी तक 14 मैच मिस किए हैं।

वहीं इस दौरान उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की टेस्ट सीरीज के अलावा अफगानिस्तान के खिलाफ 2 20 ही खेले हैं।

